बरेली, शनिवार
7 जून, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण



## अंतिम चरण के लिए तीन विद्यार्थी चयनित

बरेली : एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी में प्रोटोक्योर फार्मा प्राइवेट लिमिटेड की ओर से बीफार्मा–2025 बैच के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किया गया। इसमें ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग में कंपनी ने छह विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। अंतिम चरण के लिए तीन विद्यार्थियों को शार्टलिस्ट किया गया। परिणाम कुछ दिनों बाद बताए जाएंगे। इस दौरान ट्रेनिंग डेवलपमेंट व प्लेसमेंट निदेशक डा. अनुज कुमार, शाइस्ता कमर जैदी, रिया मेरी रेजी, राहुल सक्सेना का योगदान रहा। वि.